53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 14.0°c | अधिकतम 36.1°c

**अमृतवाणी**
जो लोग गिरने से डरते हैं वह कभी भी जीवन में उड़ान नहीं भर सकते।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

संविधान 1947 में नहीं लिखा गया ये हज़ारों साल पुराना है : राहुल गांधी




सूर्योदय - 5:59, सूर्यास्त - 6:42 | वर्ष : 53/ अंक : 97 | बुधवार, 09 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4 | इशारों को अगर समझो... तो राज को राज रहने दो.......

# ये कैसा योगी राज? चोरी के डर से कोतवाली में ही जंजीरो से बंधी मिली कोतवाल की कुर्सी

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)।** सुशासन- सुव्यवस्था और न जाने कौन-कौन से गुण आए दिन पुलिस खुद ही बताती है। गुडवर्क की लम्बी चौड़ी लिस्ट इस समय उत्तर प्रदेश पुलिस के पास ऐसी है, जिसे बयां नहीं किया जा सकता, मगर जब खुद कोतवाल खुद की ही कुर्सी खतरे में हो तो कैसे माना जाए कि उत्तर प्रदेश में बदमाशों और चोरों को पुलिस का भय हो चला है। बुढ़ाना कोतवाली में एक ऐसा ही अनोख नजारा देखने को मिला। दरअसल बुढ़ाना कोतवाली में इस समय रंगाई-पुताई व साफ सफाई का काम चल रहा है। ऐसे में कोतवाल साहब कहीं काम को आते-जाते हैं तो पीछे से कुर्सी की

**▶ चोरों को हो न हो पुलिस को दिखा चोरों का डर**
**▶ चर्चा का विषय बनी कोतवाल की जंजीरों से बंधी कुर्सी**

चिंता रहती है। ऐसे में कहीं रंगाई-पुताई या अन्य कोई काम करने वाला पीछे से उनकी कुर्सी साफ न कर दे, इसके भय से कुर्सी को जंजीरों में बांधने का वीडियो सार्वजनिक हुआ तो सबने इस पर अपनी-अपनी टिप्पणियां की। आमजन का कहना है कि जब साहब की कोतवाली ही सुरक्षित नहीं तो कैसे दावा किया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश सुरक्षित होगा। और मुजफ्फरनगर की बात करना तो बेमानी ही होगा। भले ही पुलिस बदमाशों के पैरों में रोज पीतल ठोकती हो, ऐसा कोई खौफ पुलिस का नहीं दिखाई पड़ता, जिससे अपराधों में कुछ कमी आती देखी जा सके और कोतवाल साहब की जंजीर में बंधी कुर्सी ने तो यह तय ही कर दिया कि बदमाशों को पुलिस का भय हो न हो मगर पुलिस को बदमाशों का भय कोतवाली में भी सता रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस वीडियो के अपने अलग -अलग मतलब निकालकर लोग जमकर कमेंट करते देखे गए।



## भावनाओं का कोई मोल नहीं, गाय के दूध का कर्ज चुकाने को विधि-विधान से की एक परिवार ने रस्म तेरहवीं

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)।** कहते हैं कि भावनाओं का कोई मोल नहीं होता, फिर चाहे भावनाओं इंसानों से जुड़ी हो या अपने धर्म में आस्था रखने वाली गौ माता से जुड़ी हो। एक ऐसा ही अनोखा उदाहरण मुजफ्फरनगर की जानसठ तहसील के गांव सालारपुर में सामने आया जब गाय की सेवा करने वाले सतेन्द्र लाटियान पुत्र यशपाल सिंह ने अपने घर पाली हुई गौ माता की मरने के उपरान्त रस्म तेरहवीं का कार्यक्रम रखा। विधि-विधान से गौ माता की तेरहवीं की गयी इस अवसर पर सतेन्द्र लाटियान ने बताया कि उन्हें यह गाय पालते हुए लगभग 10-15 वर्ष के बीच हो गए हैं। ऐसे में उनकी भावना हुई कि क्यों न जिस गाय का हमने इतने दिनों तक दूध पिया हो, उसका मामूली सा कर्ज अदा करने के लिए उसके मरणोपरान्त रस्म तेरहवीं विधि-विधान से की जाए। बस इसी मंशा से उन्होंने मृत गौ माता की रस्म तेरहवीं की। रस्म तेरहवीं में बाकायदा क्षेत्र के लोगों को ब्रह्मभोज आदि भी कराया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजन ब्रह्मभोज में शामिल किये गए। गौ स्वामी सतेन्द्र लाटियान के परिवार ने भी जानकारी दी कि 25 साल पहले उन्होंने एक देसी गाय पाली थी। उसी देसी गाय का वंश अब तक चला आ रहा है। लगभग 25 वर्षों से हम उसी वंश का दूध पीते चले आ रहे हैं। गौवंशों को तो हमने बच्चों की तरह रखा मगर गौ माता ने भी हमारे बच्चों को अपने दूध से पोषित कर बड़ा किया। इसी का आभार प्रकट करने के लिए आज पूजन-हवन, गौ माता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर एक मिसाल कायम की कि जो भी व्यक्ति अपने घर में गौवंश पाले तो उसके दूध का कर्ज यह छोटा सा कार्य करके बखूबी अदा कर सकता है। गौ स्वामी सतेन्द्र व उसके परिवार की बात सुनकर सभी लोग हैरान रह गए और सभी ने एक स्वर में एक बात कही कि वास्तव में यह सनातन धर्म में ही सम्भव है कि इंसान ही नहीं गौ माता के लिए भी चाहे तो अपनी भावनाएं साझा कर सकते हैं।








## पहले करते हैं मौहब्बत के वादे, फिर पहुंच जाते हैं उसी के खिलाफ थाने

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)।** आजकल की मौहब्बत इंस्टाग्राम और फेसबुक की मौहब्बत ही बनकर रह गयी है। बस इंस्टाग्राम पर किसी से भी मुंह जोड़ा और हो गया इश्क, मगर यह इश्क कितने महीने, कितने दिन चलता है इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। बुढ़ाना से इंस्टाग्राम पर हुई मौहब्बत का एक ऐसा ही नजारा सामने आया जब एक महिला रूहानी (काल्पनिक नाम) ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उसे इंस्टाग्राम पर साहिल नाम के व्यक्ति से दोस्ती हुई और बात इतनी बढ़ी कि दोनों एक ओयो होटल के कमरे तक पहुंच गए। सब कुछ होने के बाद एकाएक महिला ने साहिल की आदतों से तंग दिखाई देने लगी। महिला का कहना था कि वह शादीशुदा और अपने पति से अलग रह रही है। जैसे कैसे वह साहिल की बातों में आ गयी और उसने होटल में ले जाकर शारीरिक सम्बंध बनाते हुए उसकी वीडियो बना ली। और बाद में ब्लैकमेल करने के लिए उसकी वीडियो उसके परिचितों के नम्बर पर भेज दी। महिला ने गुहार लगाई कि जब उसने साहिल से दोस्ती व शारीरिक सम्बंध बनाने के लिए मना कर दिया तो साहिल ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर वह पुलिस के पास पहुंची और गुहार लगाई कि उसे वापस अपने पति के पास जाना है और साहिल पर कार्यवाही करानी है। पुलिस को अपनी पूरी बात बताने के बाद कथित रूहानी वापस पहुंच गयी।

## देवरिया जिले में वक्फ की 1224 सम्पत्तियां

**देवरिया,08 अप्रैल(वार्ता)** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में वक्फ बोर्ड के नाम कुल 1224 सम्पत्तियां चिन्हित की गयी हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने मंगलवार को यूनीवार्ता से कहा कि जिले में वक्फ बोर्ड के नाम पर कुल 1224 सम्पत्तियां दर्ज हैं। जिसकी कीमत अरब रूपये मानी जा सकती है। यह वक्फ बोर्ड के नाम पर दर्ज सम्पत्तियां सुन्नी मुसलमान के नाम पर है। उक्त वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति में शिया मुसलमानों का नाम नहीं है। वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर अभी तक कोई अवैध कब्जे का मामला सामने नहीं आया है।

## देश में वक्फ संशोधन कानून आज से लागू, नोटिफिकेशन हुआ जारी

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन अधिनियम आज से देश में लागू हो गया, जिसे लोकसभा में 3 और राज्यसभा ने 4 अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 अप्रैल को प्रस्तावित कानून को अपनी मंजूरी दे दी थी। बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधेयक का समर्थन किया, वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन ने इसका विरोध किया। कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी सांसदों ने कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने कानून को पारदर्शिता बढ़ाने और पिछड़े मुसलमानों, समुदाय की महिलाओं के लिए सशक्तीकरण का कदम बताया है। वहीं, विपक्ष ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम मुसलमानों के अधिकारों का हनन करता है।


भारत का राजपत्र
The Gazette of India

## केंटर की टक्कर से आइस्क्रीम विक्रेता की मौत

**बुढ़ाना, 08 अप्रैल (बु.)।** एक सड़क हादसे में आइसक्रीम बेच रहे एक किशोर की तेज रफ्तार एक केंटर की जोरदार टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर मृतक किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पट्टी के निवासी करीब 19 वर्षीय मोहम्मद जुबैर उर्फ इद्दू कुरैशी रेहड़े पर आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहा था। रोजाना की भांति वह आज मंगलवार के दिन भी बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित अशोक नर्सिंग होम के पास आइसक्रीम बेच रहा था। लगभग दोपहर पौने दो बजे एक तेज रफ्तार केंटर चालक ने केंटर की जोरदार टक्कर आइसक्रीम के रेहड़े में मार दी और केंटर सहित मौके से फरार हो गया, तब टक्कर लगते ही जुबेर रेहड़े से सिर के बल जमीन पर नीचे गिर गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने किशोर की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी, तो मौके पर रोते बिलखते परिजन आ गये और पुलिस भी आ गयी। पुलिस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा, लेकिन परिजनों ने किशोर का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। देर रात किशोर को सुपुर्दे ए खाक कर दिया गया। घटना के वक्त की कैमरे की एक फुटेज भी वायरल हो रही है। घटना को लेकर मौहल्ले में भारी शोक व्याप्त है।



## पॉक्सो कोर्ट में तीन साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)। 27 मार्च 2018 के एक मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। एडीजीसी विनय अरोरा व मनमोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि**



**कि सिविल लाइन क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी ने तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया कि 27 मार्च 2018 को दोपहर के समय जब उसकी बेटी घर पर अकेली थी तो पचैंडा खुर्द का रहने वाला प्रवेश घर में घुस गया और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की। बेटी ने जब शोर मचाया तो उससे मारपीट भी की गयी। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जहां भीड़ ने पकड़कर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट नं. 2 अंजनि कुमार सिंह की कोर्ट में चली। एडीजीसी ने बताया कि दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी**

## स्वास्थ्य विभाग ने की खतौली की तीन अवैध लैब सील

**खतौली, 8 अप्रैल (बु.)।** सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशानुसार खतौली चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब, क्लीनिक, अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर नगर क्षेत्र में छापामारी की कार्यवाही शुरू की गयी। छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब का मौके पर कोई भी वैध पंजीकरण अथवा योग्यता के अभिलेख उपलब्ध न होने तथा लैब संचालकों द्वारा स्वास्थ्य विभाग टीम के समक्ष कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक के निर्देश पर टीम द्वारा तीनों लैबों के विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही करते हुए नियमानुसार नोटिस जारी किये गए। विभाग द्वारा सैनी लैब, सीआरएल व न्यू ह्यूमन केयर पैथोलॉजी लैब के विरुद्ध उक्त कार्यवाही की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी छापेमारी की कार्यवाही से क्षेत्र के लैब व क्लीनिक संचालकों में हड़कम्प मचा रहा।




## गंगनहर में कूदकर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास

**खतौली, 8 अप्रैल (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एक महिला खतौली गंगनहर पहुंची तथा अचानक महिला ने गंगनहर में छलांग लगा दी। गनीमत रही कि कुछ लोगों ने महिला को गहरे पानी में डूबता देख अपनी जान की परवाह न करते हुए गंगनहर में छलांग लगा दी और महिला को पानी से सकुशल बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली के कस्बा इंचार्ज नंद किशोर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में महिला की पहचान जानसठ थाना क्षेत्र के गांव तिसंग की इकरा पुत्री एहसान के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंची और महिला को परिजनों के सुपर्द सौंप दिया गया। चर्चा है कि घरेलू रंजिश के चलते महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया था।**






## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी मकान में आग

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट में बेरी वाले कब्रिस्तान के पीछे स्थित एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी, जिसमें घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि घटना के समय मकान में कोई नहीं था और मकान मालिक ने रंजिशन मकान में आग लगाने का आरोप लगाया। मकान मालिक हाशिम ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की रात वह मकान बंद करके अपनी बेटी की मल्हूपुरा स्थित ससुराल गया था। देर रात उसे सूचना मिली कि उसके मकान से लपटें निकल रही हैं। सूचना पर हाशिम मौके पर पहुंचा। इसी बीच क्षेत्र के लोगों ने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी तो मौके पर तुरन्त दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया। मकान मालिक के अनुसार मकान में रखा लाखों का सामान व 22 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गयी। उसने बताया कि ईद के दिन बच्चों के विवाद में कुछ युवकों ने उसे जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी थी। उसका मानना है कि इसी कारण उसके मकान में आग लगाई गयी। पुलिस ने मकान मालिक हाशिम की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।




## ट्रैक्टर में लगे कृषि यंत्र से शाहपुर के बाइक सवार दो युवकों के पैर कटे, गंभीर अवस्था में रेफर

**शाहपुर, 08 अप्रैल (बु.)।** शाहपुर धनायन मार्ग पर बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर के पीछे लगे कृषि यंत्र की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। दोनों लोगों के पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर कट गए, जिन्हें देखने शाहपुर अस्पताल में सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। कस्बे के मौहल्ला कस्सावान निवासी नदीम व सरफराज बाइक पर सवार होकर धनायन मार्ग पर किसी कार्य से जा रहे थे। उधर से आ रहे एक ट्रैक्टर जिसके पीछे कृषि यंत्र लगा हुआ था कि चपेट में उक्त दोनों बाइक सवार युवक आ गये, जिससे बाइक सवारों के पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां से दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। बताया गया कि पुलिस ने हरसौली चौकी के पास ट्रैक्टर को कब्जे में लेने के साथ चालक को हिरासत में ले लिया।







## पेड़ पर लटका मिला व्यक्ति का शव

**मुजफ्फरनगर, 8 अप्रैल (बु.)। मंगलवार को दिन निकलते ही नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर में एक व्यक्ति का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को नीचे उतारा। मृतक की शिनाख्त कूकड़ा निवासी जयपाल के रूप में हुई। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले जयपाल की कोई पारिवारिक कलह हुई थी, जिस कारण जयपाल ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। जयपाल मूल रूप से तितावी थाना क्षेत्र के बघरा का निवासी था। जैसे ही परिवार के लोगों को इसकी सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया।**



